# अचानक मेडिकल कॉलेज पहुंचीं विधायक

**शहडोल, देशबन्धु।** संभागीय मुख्यालय की जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र की विधायक मनीषा सिंह पूरे एक्शन मोड में नजर आ रही हैं। विधायक लगातार उस स्थान तक पहुंच रही हैं, जिसे लेकर आम जनमानस द्वारा इस बात की शिकायत की जा रही है कि वहां सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। शासकीय बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज से भी इस बात की लगातार शिकायतें आ रही थी कि वहां व्यवस्था दिन प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है।

विधायक मनीषा सिंह बुधवार को शासकीय बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज पहुंच गई और उन्होंने वहां की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने मेडिकल कॉलेज में भर्ती मरीजों से भी उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के कई वार्डो का निरीक्षण किया। इसके इसके अलावा उन्होंने मेडिकल कॉलेज में संचालित रसोई कभी निरीक्षण किया और खाद्य सामग्री को भी देखा।





विधायक ने मेडिकल कॉलेज के डीन व अन्य मेडिकल अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें निर्देशित किया कि वे इस बात को सुनिश्चित करें कि मेडिकल कॉलेज में आने वाले प्रत्येक रोगी को समुचित उपचार और पोषण मिले। विधायक ने यह दिशा-निर्देश भी दिए।

इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी शहडोल के नगर मंडल अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी और युवा मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष अतुल तिवारी भी साथ रहे। निरीक्षण के बाद पत्रकारों से चर्चा के दौरान विधायक मनीषा सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश की डॉ. मोहन यादव की सरकार और केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार का उद्देश्य अंतिम छोर में बैठे ग्रामीण भाई-बहनों का लाभ पहुंचाना है और उन्हें उनका हक और केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा भेजा गया लाभ उन तक पहुंचे इसकी निगरानी करना हमारा काम है।

उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज से लगातार अव्यवस्थाओं की बातें सामने आ रही थी, जिससे सरकार की छवि खराब होती है। हालांकि निरीक्षण के दौरान ऐसा कोई भी बड़ा तथ्य सामने नहीं आया, बावजूद इसके उन्होंने छोटी-मोटी समस्याओं को तत्काल निराकरण करने और व्यवस्था में और सुधार लाने की चर्चा मेडिकल कॉलेज प्रबंधन से की है।

### रेलवे स्टेशन के निर्माण कार्यो का भी किया था निरीक्षण

यहां यह भी उल्लेखनीय है की गत दिवस मनीषा सिंह रेलवे स्टेशन शहडोल पहुंची थी और वहां चल रहे शहडोल रेलवे स्टेशन के कायाकल्प के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया था। स्टेशन के निर्माण कार्य में हो रही देरी पर उन्होंने रेलवे के अधिकारियों और संबंधित ठेकेदार को जमकर फटकार भी लगाई थी। विधायक ने बिलासपुर स्थित रेलवे के अधिकारियों से फोन पर चर्चा कर निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए भी कहा था।

# किराया न देने पर होगी कार्रवाई : नपा

**शहडोल, देशबन्धु।** नगर में बहुत से ऐसे किराएदार हैं जो नगर पालिका के मकान और दुकानों पर काबिज है, लेकिन यह लोग लंबे समय से किराया नहीं जमा कर रहे हैं। अब ऐसे किराएदारों को लेकर नगर पालिका कड़ा रुख अख्तियार करने जा रही है।




मुख्य नगर पालिका अधिकारी अक्षत बुंदेला ने ऐसे किराएदारों को पत्र जारी कर कहा है कि यदि नियत तिथि तक उन्होंने किराया जमा नहीं किया तो ऐसे भवनों में नगर पालिका द्वारा ताला जड़ दिया जाएगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद शहडोल अक्षत बुंदेला ने पत्र जारी कर कहा है कि नगर पालिका परिषद शहडोल के स्वामित्व के भवन, भूमियों, दुकानों के किरायेदार नगर पालिका शहडोल के स्वामित्व के भवन, भूमि, दुकान मासिक किराये पर आवंटित है तथा उनका मासिक किराया 03 माह से अधिक समय अवधि का बकाया है।

वे समस्त बकाया भुग5तान 15 दिवस के भीतर कर के रसीद प्राप्त कर लेवे अन्यथा बकायेदारो की सूची का प्रकाशन विभिन्न सार्वजनिक स्थलो पर होर्डिंग के माध्यम से सोशल मीडिया के माध्यम से तथा समाचार पत्रो के माध्यम से कराया जाएगा।

इतना ही नहीं ऐसी दुकानों में ताला बंदी की कार्यवाही कर दुकान नगर पालिका परिषद शहडोल दुकान के कब्जे में ले ली जावेगी एवं म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 164, 167,170 के सुसंगत प्रावधानो के तहत वसूली की कार्यवाही की जाएगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित बकायेदार की होगी।

## सार-समाचार



### नौरोजाबाद थाना क्षेत्रान्तर्गत जोहिला नदी के छादा घाट में मिला युवक का शव

**नौरोजाबाद, देशबन्धु।** जिले के नौरोजाबाद थाना क्षेत्र अन्तर्गत जोहिला नदी के छादा घाट में एक अज्ञात युवक का शव मिला है। सूचना प्राप्त होते ही नौरोजाबाद एवम पाली पुलिस मौके पर पहुच कर शव की शिनाख्ती करवाई, जिससे मृतक की पहचान कुरावर निवासी नवल सिंघ के रूप में हुई है, जो की कल ग्राम छादा सरपंच दिलदार सिंघ के घर दसवीं के कार्यक्रम में शामिल होने गया था। प्रथम दृष्टया यह कयास लगाया जा रहा है की उक्त युवक जोहिला नदी क्रॉस करके ग्राम छदा उक्त कार्यक्रम में गया था। सम्भवत: कार्यक्रम के उपरांत उसी रास्ते से लौटते समय दुर्घटना क़ा शिकार हो गया, जिससे उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है। पीएम उपरांत ही मौत के कारण की स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

### ट्रैक्टर चालक ने दिखाई दबंगई, नहीं दे रहा था साइड, दुर्घटना होने से बाल बाल बचा स्कूली वाहन



**ब्यौहारी, देशबन्धु।** ब्यौहारी-विकासखंड के अंतर्गत? देवलोंद थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत झिरिया में अवैध रेत ट्रैक्टर जो दिन रात सोन नदी से अवैध रेत खनन कर रहे हैं उनके द्वारा दबंगई पूर्वक अब आम जनों और स्कूल वाहनों को भी अब परेशान किया जाने लगा दिनांक 4 /3./2025 को शाम 4:00 बजे वैष्णो स्कूल का वाहन बच्चों को छोड़ने झिरिया जा रहा था वहीं दूसरी ओर से सोन नदी से रेत भरकर पवन बैस पिता राजबहोर वैश्य का ट्रैक्टर झिरिया की ओर आ रहा था जो की जगह होने के बावजूद बच्चों से भारी स्कूली वाहन को साइड देने की बजाय किनारे करने की चेतावनी दे रहा था जिससे विवाद होने लगा जबकि उसकी स्वयं ध्यान रखना चाहिए कि स्कूली बच्चे वाहन में बैठे हैं गाड़ी रोड से किनारे गई तो दुर्घटना हो सकती लेकिन फिर भी स्कूल वाहन के चालक से विवाद करता रहा जिसकी शिकायत एवं देवलोंद थाने में दर्ज कराई गई है क्षेत्रवासियों ने सोन नदी से अवैध उत्खनन कर रहे ट्रैक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की हैं ।

### आबकारी विभाग ने जब्त की अवैध मदिरा

**शहडोल, देशबन्धु।** आबकारी विभाग शहडोल वृत्त शहडोल ने विशेष अभियान के तहत कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी शहडोल सतीश कश्यप के मार्गदर्शन में मंगलवार को अवैध मदिरा विक्रय परिवहन संधारण के खिलाफ कार्यवाही की है। जिसमे रामबाई जायसवाल के घर से 5 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, सुमन जायसवाल के घर से 3 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, अमन चौधरी की दुकान से 120 एमएल मदिरा रानी के कब्जे से 5लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद की है। उक्त आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 संशोधन 2000की धारा 34(ए) 36(ए) के तहत प्रकरण कायम किया गया है। उक्त कार्यवाही आबकारी उप निरीक्षक मृत्युंजय सिंह ठाकुर के नेतृत्व में की गई सहयोग में मुख्य आरक्षक प्रकाश मरावी,आरक्षक शोभारानी अजीमेरे और गोपाल मरावी साथ रहे।

### सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**शहडोल, देशबन्धु।** विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह नें शहडोल नगर पालिका क्षेत्र के गुरुनानक चौक से साईं मंदिर तक बनने वाले सीसी रोड का भूमि पूजन किया। यह सड़क नगरवासियों के सुगम आवागमन में सहायक होगी और शहरी विकास को नई गति प्रदान करेगी। इस अवसर पर भाजपा की जिला अध्यक्ष अमिता चपरा, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद प्रवीण शर्मा डोली सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# जिलास्तर पर अटल जी की स्मृतियों को संजोएगी भाजपा

शहडोल, देशबन्धु। पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष एवं समपर्ण निधि को लेकर बुधवार को भाजपा कार्यालय शहडोल में बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अमिता चपरा ने की। इस अवसर पर जयसिंहनगर क्षेत्र की विधायक ी मनीषा सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश तिवारी, समर्पण निधि के जिला प्रभारी दौलत मनवानी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश जगवानी, भाजपा जिला महामंत्री संतोष लोहानी एवं मनोज सिंह आर्मा मंचासीन रहे।



सर्वप्रथम भारत माता एवं भाजपा के पितृ पुरूषों के छायाचित्रों पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश तिवारी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्म जयंती पर आयोजित होन वाले विभिन्न कार्यक्रमों के बारे उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। इसके साथ ही मंडल स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए प्रभारियों की घोषणा भी की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष अमिता चपरा ने कहा कि भाजपा ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी वर्ष अभियान में उन लोगों को चिन्हित कर सम्मानित किया जाए, जिन्होंने कभी उनके साथ काम किया। उनकी यादों को संजोया जाए जो उनसे जुड़े कार्यों में सहयोगी रहे।

इसमें जिला के सभी मंडलों में पूर्व वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्तायों को चिन्हित किया जाए, जिन्होंने अटल जी के कार्यकाल में उनके साथ मिलकर कार्य किया था अथवा किसी न किसी रूप से उनके संपर्क में रहे। उनके अनुभवों के वीडियो क्लिप तैयार किए जाएँ और उनकी प्रदर्शनी लगाई जाए। इसके साथ ही अटल जी से जुड़े चित्र, प्रंसग, भाषण उन से जुड़े अनुभव एवं अन्य सामग्री को एकत्रित करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही अटल जी के कार्यकाल में उनके साथ किसी के अनुभव हो तो उनका साक्षात्कार लिया जाएगा। अटल जी के जीवन वृत्त पर संगोष्ठी, चित्रकला एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाए।

जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह ने कहा कि अटल जी के जन्म शताब्दी वर्ष को भाजपा कार्यकर्ताओं को बड़े ही हर्षाल्लास के साथ मनाना चाहिए। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद करना और उनके बताए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रृद्धा होगी। बैठक में समर्पण निधि के सम्बंध में समर्पण निधि के जिला प्रभारी दौलत मनवानी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन कार्यकर्ताओं के समर्पण से चलता है और कार्यकर्ता ही इस संगठन की पूंजी है। मंच संचालन मनोज सिंह आर्मां ने किया एवं आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री संतोष लोहानी द्वारा किया गया।

# दुआ मांगने के लिए उठाए इमाम साहब ने हाथ, तभी थम गई सांसें

**शहडोल, देशबन्धु।** मप्र के शहडोल जिले की नूरी मस्जिद में बुधवार सुबह एक भावुक कर देने वाली घटना घटी। फजर की नमाज पढ़ाने और दुआ कराने के कुछ ही मिनटों बाद मस्जिद के इमाम मौलाना गुलाम रब्बानी बरकाती का इंतकाल हो गया। अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद जब उन्हें अस्पताल ले जाया गया, तो चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

दुआ के दौरान तबीयत खराब, अस्पताल में निधन- मस्जिद के सदर हाजी इकबाल अहमद के अनुसार, 50 वर्षीय इमाम मौलाना गुलाम रब्बानी बरकाती रोज की तरह फजर की नमाज अदा कराने के बाद दुआ करवा रहे थे। इसी दौरान उन्हें सांस लेने में तकलीफ हुई, मुंह से झाग निकला और वे वहीं गिर पड़े। नमाजियों ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

इमाम साहब की अचानक हुई मौत से पूरे मोहल्ले में मातम छा गया। किसी को यकीन नहीं हो रहा था कि बिना किसी बीमारी के वे अचानक इस दुनिया से रुख़सत हो जाएंगे। रमजान के पवित्र महीने में उनके इंतकाल को अल्लाह की खास रहमत माना जा रहा है। रात में तरावीह की नमाज के बाद उनके जनाजे को ईदगाह कब्रिस्तान ले जाया गया। हजारों की संख्या में लोग इमाम साहब को अंतिम विदाई देने पहुंचे। कब्रिस्तान में इतनी भीड़ थी कि पैर रखने की भी जगह नहीं थी।

# सूने घर से लाखों के जेवरात लेकर चोर फरार

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले में चोरी की वारदातें लगातार बढ़ती जा रही हैं, लेकिन पुलिस इन पर अकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। ताजा मामला अमलाई थाना क्षेत्र का है, जहां एक सूने घर का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों की चोरी को अंजाम दिया। चोर 8 तोला सोना, 1 किलो चांदी और 50 हजार रुपये नगद लेकर फरार हो गए।

घटना रावल मार्केट, अमलाई थाना क्षेत्र की है। रंगलाल नापित अपने परिवार के साथ गोरखपुर में एक विवाह समारोह में गए थे। इस दौरान चोरों ने घर को सूना पाकर मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ा और अंदर घुस गए। इसके बाद अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर और नगद रकम चोरी कर ली। जब पड़ोसियों ने घर का दरवाजा खुला देखा तो उन्होंने परिवार को सूचना दी। घर लौटने के बाद परिवार ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, चोरी लगभग 10 लाख रुपये से अधिक की बताई जा रही है। अमलाई थाना क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं। बीते दिनों पुलिस ने दो छोटी चोरियों का खुलासा किया था, लेकिन बड़ी चोरी के मामलों को सुलझाने में असफल रही है। घटना के बाद क्षेत्र के लोग अपने घरों की सुरक्षा को लेकर चिंतित और डरे हुए हैं। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# संभागीय परिवहन प्रभारी पर अवैध वसूली का आरोप

### पत्रकारों के पहुंचते ही अधूरी कार्रवाई छोड़ भाग निकले उड़नदस्ता प्रभारी

**उमरिया, देशबन्धु।** शहडोल संभागीय उड़नदस्ता प्रभारी ने बुधवार को उमरिया जिले के पाली थाना क्षेत्र के जीरो ढाबा के पास दोपहर एक से लगभग चार बजे के बीच वाहनों की जांच के नाम पर जमकर वसूली की। बताया जाता है कि गाड़ियों के जांच के नाम पर हो रही इस अवैध वसूली के कारण पूरे सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही।

पत्रकारों को जब परिवहन विभाग के उड़नदस्ता के द्वारा की जा रही वाहनों की जांच कार्यवाही की ख़बर लगते ही मौके पर पहुंच कर वस्तुस्थिति का जायजा लेने का प्रयास किया गया । पत्रकारो को देखते ही उड़न दस्ता प्रभारी व्दारा तत्काल घंटों से खड़ी गाड़ियों को छोड़ दिया गया और आधी -अधूरी कार्यवाही छोड़ भाग गये। कुछ वाहन ड्राइवरों ने पूछे जाने पर बताया कि परिवहन विभाग के अधिकारियों ने जांच के नाम पर अवैध वसूली करने के नाम पर बीस हजार रुपए की मांग की जा रही है ।



बताया जाता है कि सी जी 04 एम जेड 8709 की गाड़ी जिसमें बाक्साइड लोड था , इस गाड़ी का फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं था , जिसको लेकर मोल - तौल कर छोड़ने के फिराक में थे , और किसी अफसर बेग नामक व्यक्ति से दूरभाष पर भी लेन देन का सौदा तय किया जा रहा था , लेकिन पत्रकारों के पहुंचने के बाद खेल बिगड़ गया और प्रभारी जी ने पाली थाना के इस मामले को गाड़ी सौंपने की बजाय घटना स्थल से 20 किलोमीटर दूर घुनघुटी चौकी में सुपुर्द किया गया । जबकि पाली थाना की दूरी घटना स्थल से महज़ 2 किलोमीटर दूर था, जिस वजह से वैधानिक रूप से जब्त शुदा वाहन को पाली में ही सुपुर्द किया जाना चाहिए, लेकिन अवैध वसूली के चक्कर में फंसे प्रभारी की सूझबूझ खत्म हो गई।

परिवहन विभाग के प्रभारी ने पत्रकारों को देखते ही गाड़ियों को छोड़ कर भागने की कोशिश किया। पत्रकारों के सवालों से बचते रहे। यद्यपि आखिर कार उन्होंने बताया कि हम लोग रेंडम जांच करने के लिए अलग अलग जगहों पर जाते हैं , और जब वाहनों में कमी मिलती है उस मान से जुर्माना की कार्यवाही की जाती है। परिवहन विभाग के प्रभारी के द्वारा की जा रही अवैध वसूली के संदर्भ में परिवहन विभाग के आयुक्त ग्वालियर से दूरभाष पर संपर्क करने की कोशिश की गयी, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# जो जनता रंक को राजा बनाती है, वह भिखारी कैसे?

### मंत्री प्रहलाद पटेल के बयान पर कांग्रेस का तीखा हमला

**उमरिया, देशबन्धु।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के भीख मांगने वाले बयान पर कांग्रेस ने कड़ा ऐतराज जताया है। कांग्रेस ने इसे जनता का अपमान बताते हुए मंत्री की मानसिकता पर सवाल उठाए हैं। बुधवार को इस मुद्दे पर कांग्रेस द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता में पार्टी प्रवक्ता एवं जिला मीडिया प्रभारी अमित तांवरे ने कहा, जो जनता रंक को राजा बना सकती है, वह भिखारी कैसे हो सकती है? उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान मतदाताओं को भगवान बताने वाले भाजपा नेता अब सत्ता में आकर जनता का अपमान कर रहे हैं।



**अपना हक मांगना गुनाह नहीं**-प्रदेश प्रवक्ता तांवरे ने कहा कि भाजपा ने प्रदेश की बहनों को 3 हजार रुपये प्रतिमाह देने का वादा किया था, लेकिन वादे पूरे नहीं हुए। प्रदेश महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और अपराध में शीर्ष पर है। ऐसी स्थिति में जनता अगर सरकार से अपनी समस्याओं और सुविधाओं की मांग करती है, तो इसे भीख कहना वरिष्ठ नेता को शोभा नहीं देता। कांग्रेस ने इस बयान को अपमानजनक बताते हुए भाजपा से माफी मांगने और प्रहलाद पटेल को मंत्री पद से हटाने की मांग की है।

**भाजपा नेताओं में सत्ता का अहंकार**- जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व पूर्व विधायक अजय सिंह ने कहा कि भाजपा नेताओं को भ्रम हो गया है कि उनके अच्छे दिन कभी खत्म नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि सत्ता के अहंकार में इस तरह के बयान दिए जा रहे हैं, जो जनता का अपमान हैं। कांग्रेस इस टिप्पणी का कड़ा विरोध करेगी और 15 मार्च तक प्रदेशभर में प्रदर्शन करेगी।

विरोध कार्यक्रम के तहत 6 मार्च को ब्लॉक स्तर पर पुतला दहन किया जाएगा। 8 मार्च को जिला मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस प्रेसवार्ता में कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा, ठाकुरदास सचदेव, त्रिभुवन प्रताप सिंह, अमृतलाल यादव, प्रवक्ता अशोक गौंटिया, ब्लॉक अध्यक्ष शिशुपाल यादव, मिथलेश राय, राजीव सिंह बघेल, रामायणवती कोल, उमेश कोल समेत अन्य नेता और जिले के पत्रकार उपस्थित रहे।

# सड़क पर खड़े ट्रक में घुसी तेज रफ्तार पिकअप, दो घायल, चालक गंभीर

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले में तेज रफ्तार पिकअप सड़क पर खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गई। हादसे में पिकअप में सवार चालक और परिचालक बुरी तरह से घायल हो गए। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायलों को पिकअप से बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। चालक की हालत नाजुक बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार, तेज रफ्तार पिकअप छत्तीसगढ़ के रायपुर से रीवा जा रही थी, जिसमें खीरा लोड था। तभी ब्यौहारी के बसही गांव में सड़क पर खड़े एक ट्रक के पीछे पिकअप घुस गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को मामले की जानकारी दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार सुबह घटी है। ट्रक खराब था और बीच सड़क पर ही खड़ा था, लेकिन चालक ने लापरवाही बरती और खराब ट्रक के आगे-पीछे कोई भी सांकेतिक निशान नहीं लगाए, जिसकी वजह से हादसा हो गया। हादसे में पिकअप चालक और परिचालक बुरी तरह से वाहन में फंस गए। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला। जिसके बाद घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया, जिसमें चालक की हालत नाजुक बताई जा रही है।